ATR (Action taken report)

ए. पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में सत्र 2025-26 में छात्राओं, अभिभावकों, प्राध्यापिकाओं एवं अन्य stakeholders से प्राप्त फीडबैक (224) एवं सुझावों के आधार पर महाविद्यालय से संबंधित निम्नलिखित समस्याएं ज्ञात हुई-

1 छात्राओं के प्रसाधन (Washroom) की स्वच्छता में कमी।

2 मुख्य सड़क से महाविद्यालय आते समय मार्ग में अनावश्यक वाहनों का अतिक्रमण जिससे आवागमन में असुविधा एवं मुख्य सड़क से महाविद्यालय तक अतिक्रमण की गई झुग्गी-झोपड़िया में रहने वाले पुरुष सड़क पर ही स्नान करते एवं अश्लीलता फैलाते हैं जिससे महाविद्यालय की छात्राओं एवं अभिभावकों को लज्जित होना पड़ता है।

3 महाविद्यालय में छात्राओं की फीस जमा करने मे ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध नहीं है।

4 सेमेस्टर प्रणाली होने एवं ऑनलाइन गतिविधियां अधिक होने से छात्राओं पर पाठ्यक्रम का अधिक दबाव

5 पाठ्यक्रम मे जॉब ओरिएंटेड गतिविधियों का अभाव।

इन समस्याओं पर फीडबैक कमेटी ने महाविद्यालय की प्राचार्या, प्राध्यापिकाओं, स्टाफ एवं छात्रा प्रतिनिधियों के माध्यम से संपर्क करके विचार विमर्श किया एवं उपर्युक्त समस्याओं पर निम्नलिखित क्रियात्मक समाधान (Action Plan) किए गए-

1 महाविद्यालय में शौचालयों की स्वच्छता पर अधिक ध्यान दिया गया एवं छात्राओं हेतु हैंडवॉश एवं सेनेटरी पैड की भी व्यवस्था की गई।

2 मुख्य मार्ग से महाविद्यालय आते समय अनावश्यक वाहनों के अतिक्रमण एवं सड़क के किनारे झुग्गी-झोपड़ियां में रहने वाले लोगों का सड़क पर स्नान करना, अश्लीलता फैलाना सार्वजनिक शालीनता एवं यातायात नियमों का उल्लंघन है।

इस संदर्भ में महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा लोकल पुलिस थाना एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है एवं आवश्यक कार्यवाही जारी है ।

3 अभिभावकों की सुविधा हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा वर्तमान सत्र से ही ऑनलाइन फीस जमा करने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही की गई है।

4. महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा पाठ्यक्रम को जॉब ओरिएंटेड बनाने हेतु महाविद्यालय में AI पर कोर्स करने, विभिन्न हस्त कौशलों में प्रशिक्षित छात्राओं को व्यावसायिक अवसर प्रदान करने पर भी विचार किया गया है। प्राचार्या ने महाविद्यालय में नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को लाने की योजना भी बना ली है।

29.01.2026

(Dr. Seema Mishra)
Nodel Officer
Feedback committee